अधीक्षण अभियंता का कार्यालय
प0 नि0 वि0, पथ अंचल, पूर्णियां

निरीक्षण प्रतिवेदन

दिनांक–23.04.2026 को अधोहस्ताक्षरी द्वारा पथ प्रमंडल, कटिहार अंतर्गत कुरूमगायघट्टा भाया बलिया बेलौन सालमारी पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक निदेश दिये गयेः–

उपस्थित पदाधिकारीः–

(1) ई0 इरफान अली, अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, पूर्णियाँ

(2) श्री फरीद अहमद, सहायक अभियंता(प्र0 प्राक्कलन पदा0), पथ अंचल, पूर्णियाँ

(3) श्री सुशील कुमार विश्वास, सहायक अभियंता, पथ प्रमंडल, कटिहार

(4) श्री रतन कुमार, सहायक अभियंता, पथ प्रमंडल, कटिहार

(5) श्री मणिग्रीव, कनीय अभियंता

(6) संवेदक प्रतिनिधि

उक्त पथ की लंबाई 38.00 कि0 मी0, पथ की चौड़ाई 3.50 एवं 3.75 मी0 है, जिसे 5.5 मी0 किया जा रहा है। इस कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति विभागीय पत्रांक– 5053(एस), दिनांक– 22.08.2023 द्वारा रू0 10781.39 लाख मात्र के लिए प्रदान की गई है। यह कार्य EPC प्रणाली के तहत किया जा रहा है। एकरारनामा की राशि रूपये 8051.00 लाख मात्र है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि 09.06.2024 एवं समाप्ति की तिथि 08.06.2026 निर्धारित है।

निरीक्षण के क्रम में पथ में लगभग DGBM-26 कि0 मी0, BC- 8.5 कि0 मी0, PQC- 5.00 कि0 मी0 में किया हुआ पाया गया। एकरारनामा में Mastic 2162 m में किया जाना है, जिसका कार्य अभी प्रारंभ भी नहीं किया गया है। उक्त पथ में 3 अदद कल्भर्ट का कार्य पूर्ण हो चुका है एवं 9 अदद कल्भर्ट का कार्य प्रगति पर पाया गया। स्थल पर संवेदक प्रतिनिधि को सभी कार्यो सहित Flank में मिट्टी कार्य युद्व स्तर पर प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया।

एकरारनामा में प्रावधानित Utility Shifting का कार्य तीव्रता से करने हेतु निदेशित किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अभियंता/ संवेदक प्रतिनिधि को कार्य में तीव्रता लाने का निर्देश स्थल पर ही दिया गया।

ह0/–
अधीक्षण अभियंता
प0 नि0 वि0, पथ अंचल, पूर्णियाँ

ज्ञापांक– 470 दिनांक– 24/04/2026

प्रतिलिपि :– कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, कटिहार को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित। यदि संवेदक द्वारा कार्य में यथोचित प्रगति नहीं लाई जाती है तो एकरारनामा के सुसंगत कंडिकाओं के आलोक में कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाय।

24-4-26

अधीक्षण अभियंता
प0 नि0 वि0, पथ अंचल, पूर्णियाँ।

Scanned with OKEN Scanner